# अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 6 अगस्त 202
श्रावण कृष्ण अष्टमी
विक्रम संवत 2083


**PAGE NO: 06 MIDDLE**

## सर्वेक्षण में एसआरएमएस को सरकारी, निजी मेडिकल कॉलेजों में 38वां स्थान : देव मूर्ति



बरेली (वि)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को एक पत्रिका के 2026 के सर्वेक्षण में देश के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में 38वां स्थान मिला है। पिछले नौ वर्षों से यह कॉलेज शीर्ष 40 में अपना स्थान बनाए हुए है। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को भी पत्रिका ने देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में 120वीं रैंक दी है।

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और अध्यक्ष देव मूर्ति ने बताया कि पत्रिका ने नवंबर 2025 से जून 2026 के बीच यह सर्वेक्षण किया था। इसमें प्रवेश गुणवत्ता, शैक्षणिक गुणवत्ता, बुनियादी ढांचा, वातावरण, व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास, कॅरिअर की संभावना और नियोजन जैसे मापदंडों पर कॉलेजों का आकलन किया गया।

पिछले नौ वर्ष से देश के सभी मेडिकल कॉलेजों के बीच शीर्ष 40 में स्थान बनाए रखना एसआरएमएस के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उन्होंने कहा, यह उपलब्धि डॉक्टरों, शिक्षकों और सभी कर्मचारियों के परिश्रम को समर्पित है। हम गुणवत्तापूर्ण और न्यूनतम खर्च में इलाज से मरीजों का भरोसा बनाए रखने का प्रयास करते रहेंगे। एक अन्य पत्रिका ने निजी मेडिकल कॉलेजों में एसआरएमएस को 11वां स्थान दिया है। उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ मल्टी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में इसे दूसरा स्थान मिला।